

# आध्यात्मिक ऊर्जा और आधुनिक विलासिता का संगम श्री कृष्णा बालाजी नगर

**नवभारत न्यूज**

**ओंकारेश्वर।** नर्मदा की पावन लहरों और एकात्म धाम (ओंकार लोक) की दिव्य आभा के बीच आधुनिक जीवनशैली का एक नया अध्याय शुरू हो रहा है जहाँ बालाजी ग्रुप अपनी महत्वाकांक्षी आवासीय परियोजना 'श्री कृष्णा बालाजी नगर' के माध्यम से आध्यात्मिकता और विश्वस्तरीय सुविधाओं का अनूठा मिश्रण पेश कर रहा है। ओंकारेश्वर कोठी रोड पर स्थित यह प्रोजेक्ट न केवल एक घर है बल्कि भविष्य के निवेश और शांतिपूर्ण जीवन का एक प्रमुख प्रवेश द्वार बनता जा रहा है। इस परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता यहाँ की अद्वितीय अवस्थिति है जो मध्य प्रदेश सरकार की भव्य योजना ओंकार लोक के अत्यंत समीप है और इंदौर, खंडवा व खरगोन जैसे शहरों से सीधी कनेक्टिविटी के कारण यह क्षेत्र आने वाले समय का प्राइम हब माना जा रहा है।

परियोजना के अंतर्गत ग्राहकों को पूरी तरह सुसज्जित यानी 'रेडी-टू-मूव' विला की सौगात दी जा रही है जिसमें उच्च श्रेणी की शीशम लकड़ी से निर्मित सोफा सेट, किंग-साइज बेड, डाइनिंग टेबल और वार्डरोब जैसे प्रीमियम फर्नीचर के साथ-साथ एयर कंडीशनर, मिनी रेफ्रिजरेटर, गीजर और इंडक्शन कुकर जैसे आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पहले से ही फिट किए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से मुख्य द्वार पर अत्याधुनिक स्मार्ट डिजिटल लॉक सिस्टम लगाया गया है जिसे कोड या फिंगरप्रिंट से संचालित किया जा सकता है। निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए अनुभवी इंजीनियरों द्वारा इसे ऋष्टष्ट फ्रेम स्ट्रक्चर पर तैयार किया गया है जिसमें प्रीमियम विट्रीफाइड टाइल्स, ग्रेनाइट प्लेटफॉर्म युक्त मॉडर्न किचन और एंटी-स्किड फ्लोरिंग का उपयोग किया गया है।

आर्किटेक्ट आदित्य किशोर के मार्गदर्शन में तैयार यह प्रोजेक्ट 'हॉलिडे होम' की अवधारणा पर आधारित है जहाँ निवासियों के लिए क्लब हाउस, ग्रीन लैंडस्केप लॉन और विशेष टेरेस वाटर प्रूफिंग जैसी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। ओंकारेश्वर में बढ़ते पर्यटन और बुनियादी ढांचे के विकास के कारण यहाँ संपत्तियों की मांग में निरंतर वृद्धि हो रही है जिससे यह परियोजना निवेश की दृष्टि से भी अत्यंत लाभप्रद साबित हो रही है। 'श्री कृष्णा बालाजी नगर' उन लोगों के लिए एक आदर्श विकल्प बनकर उभरा है जो देवभूमि की शांति के साथ-साथ एक विलासितापूर्ण और सुरक्षित जीवन जीना चाहते हैं।

# जर्जर रेलवे बिल्डिंग का मलबा गिरने से हादसा, एमसीएम कर्मचारी की मौत

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** खंडवा के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत तीन पुलिया इलाके में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां मीटर गेज के पुराने और जर्जर रेलवे कार्यालय से लोहा निकालने के दौरान भवन का एक हिस्सा अचानक भरभराकर गिर पड़ा। इस मलबे की चपेट में आने से रेलवे के मास्टर क्राफ्ट्समैन पद पर कार्यरत कर्मचारी शशिकांत कश्यप की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि लंबे समय से खंडहर बने इस रेलवे भवन से स्क्रैप निकालने का कार्य चल रहा था, तभी अचानक संरचना कमजोर पड़ने से वह ढह गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेल अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी की मदद से मलबा हटाकर रेस्क्यू शुरू किया गया।

मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाए जाने पर डॉक्टरों ने शशिकांत को मृत घोषित कर दिया, जबकि उनके साथी सहायक वीरेंद्र हाथ में चोट आने के कारण निजी अस्पताल में उपचाराधीन हैं।



मृतक शशिकांत कश्यप चार बहनों के इकलौते भाई थे और उनके निधन से 11 वर्ष व 2 वर्ष की दो मासूम बेटियों के सिर से पिता का साया उठ गया है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि जर्जर भवन में कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था या नहीं।

## एक नजर में

### सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना की इकाइयों ने बनाया नया कीर्तिमान



**खंडवा।** खंडवा जिले के दोंगालिया स्थित श्री सिंगा जी पॉवर प्रोजेक्ट की 660 मेगावाट क्षमता वाली इकाई क्रमांक-4 को वार्षिक रखरखाव के बाद निर्धारित समय से दो दिन पहले 3 अप्रैल 2026 को पुन: चालू कर दिया गया। निर्धारित 55 दिन की अवधि से पहले इकाई शुरू होने से कंपनी को आर्थिक लाभ होने की जानकारी दी गई है।

परियोजना की 2म600 मेगावाट और 2म660 मेगावाट की इकाइयों ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी बेहतर प्रदर्शन दर्ज किया। इस दौरान चारों इकाइयों का प्लांट उपलब्धता कारक (पीएएफ) 83.21 प्रतिशत, ऑक्सिलरी पावर खपत (एपीसी) 5.67 प्रतिशत, विशिष्ट कोयला खपत 0.67 किलोग्राम प्रति यूनिट तथा हीट रेट लगभग 2367 किलो कैलोरी प्रति यूनिट रहा। वहीं इकाइयों की कुल ट्रिपिंग संख्या 22 रही। इन मानकों के आधार पर इसे पिछले पाँच वर्षों का बेहतर प्रदर्शन बताया गया है।

परियोजना के मुख्य अभियंता जे.सी. जुनवाल ने अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि शासन की नीतियों, वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन तथा परियोजना के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिकों की मेहनत से संभव हो सकी है।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता आर.के. साहू, वी.एस. मल्ल, एच.एस. तिवारी, एम.एल. कोरी, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ आर.एस. अलावा, अधीक्षण अभियंता आर.के. तिवारी, आर.के. पांडे, आर.डी. शर्मा, वी.एम. पाठक सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी और ठेका श्रमिक उपस्थित रहे।

### आज आएंगे राज्यपाल पटेल जननायक टंट्या भील की जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**खंडवा।** प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल 4 अप्रैल को जिले के पंधाना विकासखंड के ग्राम बड़ौदा अहीर स्थित जननायक टंट्या भील के स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल श्री पटेल सुबह 9 बजे हेलीकॉप्टर से भोपाल से रवाना होकर से सवा दस बजे बजे बड़ौदा अहीर पहुंचेंगे। सुबह 11 बजे जननायक टंट्या भील के स्मारक पर पूजन कर साढ़े ग्यारह बजे टंट्या भील के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को सिकल सेल कार्ड और आयुष्मान कार्ड वितरित करेंगे। दोपहर साढ़े बारह बजे से स्थानीय विद्यार्थियों के साथ संवाद कर मध्यान्ह भोजन करेंगे और दोपहर 1.15 बजे हेलीपैड से खरगोन के लिए प्रस्थान करेंगे।

### सहायक आयुक्त का प्रभार बजरंग बहादुर सिंह को सौंपा

**खंडवा।** जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला के 31 मार्च को सेवानिवृत होने से, सहायक आयुक्त का प्रभार डिप्टी कलेक्टर बजरंग बहादुर सिंह को सौंपा गया है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।

### प्रभारी मंत्री लोधी आज विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे

**खण्डवा।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के मंत्री तथा खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी 4 अप्रैल को आयोजित बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। कलेक्ट्रेट खंडवा के सभाकक्ष में यह बैठक दोपहर 3:30 बजे से आयोजित की गई है। प्रभारी मंत्री श्री लोधी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, खनिज विभाग, गृह विभाग, ऊर्जा विभाग, उद्योग विभाग, वन विभाग, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, सहकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय विभाग और पर्यटन विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने अधिकारियों को अपनी विभागीय योजनाओं की अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का दौरा आज, विभिन्न स्थानों पर होंगे स्वागत कार्यक्रम



**खंडवा।** जीतू पटवारी के खंडवा जिले के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने अधिकृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह पुरनी ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार अप्रैल को जिले के विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन के अनुसार निर्धारित कार्यक्रम के तहत श्री पटवारी का दौरा शाम 4:00 बजे ग्राम देशगांव से प्रारंभ होगा। इसके बाद वे 4:20 बजे छैगांवमाखन तथा 4:30 बजे छैगांवदेवी पहुंचेंगे। खंडवा शहर में शाम 4:45 बजे वे बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद 5:15 बजे अमलपुरा, 5:30 बजे खेड़ी, 6:00 बजे आसीरपुर, 6:20 बजे छैनेरा बायपास तथा 6: 30 बजे पावरवणी में विभिन्न ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों द्वारा स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## जनगणना के लिए द्वितीय चरण की ट्रेनिंग 5 अप्रैल से

**खण्डवा।** जनगणना-2027 पहली बार डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें कि मोबाइल एप के माध्यम से डाटा संकलन किया जाएगा। जनगणना 2027 के लिए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स द्वारा फील्ड ट्रेनर्स को दो चरणों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रथम चरण की ट्रेनिंग 1 से 3 अप्रैल तक आयोजित की गई, जबकि द्वितीय चरण की ट्रेनिंग 5 से 7 अप्रैल के बीच आयोजित की जाएगी। एसएन कॉलेज में शुक्रवार को आयोजित ट्रेनिंग में जनगणना के जिला नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर बजरंग बहादुर सिंह ने फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना 2027 के संबंध में विस्तार से बताया। जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल से संभागीय प्रभारी एवं उपनिदेशक अभिमन्यु अरोड़ा और मास्टर ट्रेनर कुलदीप सिंह फरे ने फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल से खंडवा के लिए नियुक्त जिला प्रभारी जेएल साकेत भी उपस्थित थे।



# डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने किए ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन

**नवभारत न्यूज**

**ओंकारेश्वर।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक व अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने ओंकारेश्वर पहुंचकर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक ट्रस्टी राव पुष्पेंद्र सिंह ने उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

दर्शन के बाद चर्चा में डॉ तोगड़िया ने कहा कि भगवान ओंकारेश्वर के स्वरूप में विद्यमान हैं और के उच्चारण से ही सृष्टि की उत्पत्ति मानी जाती है। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा के पावन तट पर स्थित यह धाम सनातन हिंदुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है।



उन्होंने कहा कि ओंकार पर्वत के आकार का है, इसलिए इसे किसी भी रूप में खंडित नहीं किया जाना चाहिए। इस विषय पर उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री से विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। ओंकारेश्वर प्रवास के दौरान डॉ तोगड़िया ने पंडित नवल किशोर शर्मा, मंगल सिंह ठाकुर एवं ललित जोशी के निवास पर भी पहुंचकर मुलाकात की। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री प्रदीप गौर, प्रांत अध्यक्ष महंत ओम भारती, प्रांत संगठन महामंत्री संजय यादव और हिंदू हेल्पलाइन नगर अध्यक्ष मंगल सिंह ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# खतरनाक उद्योगों एवं प्रक्रियाओं में बाल श्रम प्रतिबंधित

## बाल श्रम नहीं है तो मिलेगी श्रम स्टार रेटिंग

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** प्रदेश में 14 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों का खतरनाक उद्योगों एवं प्रक्रियाओं में नियोजन प्रतिबंधित है। श्रम विभाग द्वारा श्रम स्टार रेटिंग के तहत बाल श्रम अथवा बंधक श्रम पाये जाने की स्थिति में ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के तहत संबंधित संस्थान को शून्य अंक दिये जाने की व्यवस्था की गई है एवं इस संबंध में सभी श्रम अधिकारियों को निर्देश दिये गये है। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये है कि ऐसे संस्थान जिनमें बाल श्रमिक अथवा बंधुआ श्रमिक नियोजित नहीं किये गए है, उनमें यदि अन्य मापदण्डों की पूर्ति थोडी कम भी हो, तो उन्हें भी श्रम स्टार रेटिंग प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया जाये। इस संबंध में श्रम विभाग द्वारा वेदा पहल के अंतर्गत प्रदेश में बाल श्रम का पूरी तरह उन्मूलन कर बच्चों को शिक्षा, पुर्नवास, सुरक्षा और अवसर प्रदान करने के संबंध में नियमित रूप से प्रत्येक शुक्रवार को समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है एवं अभियोजन मामलों की कड़ी निगरानी की जा रही है। इसी प्रकार चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098 (टोल-फ्री 24/7) पर प्राप्त शिकायतों की मॉनीटरिंग की जा रही है। उल्लेखनीय है कि माननीय न्यायालय द्वारा बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत मामलों में जुर्माना 20 हजार रूपये से 50 हजार रूपये तथा कारावास 6 माह से 2 वर्ष तक सजा का प्रावधान है। इसी प्रकार माननीय न्यायालय द्वारा बंधक श्रम पद्धति (उत्सादन) अधिनियम, 1976 के अंतर्गत अधिकतम कारावास (3 वर्ष) की सजा या अधिकतम जुर्माना 2 हजार रूपये का प्रावधान है।

बंधक श्रमिकों के पुर्नवास हेतु केन्द्र प्रवर्तित योजना 2021 में वयस्क पुरूष बंधक श्रमिक हितग्राहियों को एक लाख रूपये की पुनर्वास सहायता तथा अनाथ बच्चों (संगठित क्षेत्र अथवा बल पूर्वक कार्य) तथा महिला बंधक श्रमिकों को दो लाख रूपये की पुनर्वास सहायता दिये जाने के प्रावधान हैं वहीं शारिरिक शोषण अथवा मानव तस्करी से पीडितों को तीन लाख रूपये पुनर्वास सहायता दिये जाने के प्रावधान है।





## शिवाजी की पुण्यतिथि पर याद किया

**खंडवा।** सद्भावना मंच द्वारा मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी जी महाराज की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज देश के लिए वीरता की एक मिसाल हैं। आनंद तोमर ने कहा मराठा शिवाजी महान योद्धा, रणनीतिकार और दूरदर्शी शासक थे, जिन्होंने 'हिंदवी स्वराज्य' की स्थापना की थी। उनकी पुण्यतिथि पर मंच सदस्यों व्दारा श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मंच संस्थापक जगदीशचंद्र चौरे, अनुप शर्मा, गणेश भावसार, ललीत चौरे, रजत सोहनी, त्रिलोक चौधरी, एनके दवे, मुरली कोडवानी, निर्मल मंगवानी, अर्जुन बुंदेला, राधेश्याम शाक्य, करण लाखोरे, सुभाष मीणा, कैलाश पटेल ने उपस्थित थे।

# सम्मान समारोह में संगठन की मजबूती का लिया संकल्प

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** कांग्रेस में नवनियुक्त शहर कार्यकारिणी के गठन के उपलक्ष्य में एक गरिमामयी सम्मान समारोह गांधी भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन करने के साथ-साथ आगामी चुनावों और सांगठनिक मजबूती की रणनीति पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरदा विधायक एवं खंडवा प्रभारी आरके दोगने उपस्थित रहे। उनके साथ कसरावद विधायक सचिन यादव, पूर्व विधायक राजनारायण सिंह, खंडवा लोकसभा प्रत्याशी नरेंद्र पटेल और जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) उत्तमपाल सिंह विशेष रूप से शामिल हुए। अतिथियों ने ब्लॉक अध्यक्ष विशाल जैन सहित कार्यकारिणी के सभी नए सदस्यों का पुष्पमाला, शॉल और





श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

इस दौरान उपस्थित नेताओं ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए 'नवसंकल्प' के तहत 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' का नारा बुलंद किया। विधायक सचिन यादव और प्रभारी आरके दोगने ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की शक्ति जमीनी कार्यकर्ताओं में निहित है और नई टीम को अब पूरी ऊर्जा के साथ जन-जन तक पहुंचना होगा।

शहर अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी के आने से पार्टी को जमीनी स्तर पर नई मजबूती मिलेगी। नई कार्यकारिणी में विकास व्यास को संगठन महासचिव और राशिद भाटिया को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। उपाध्यक्ष पद पर अविनाश शुक्ला, अहमद पटेल और बलराम वर्मा सहित अन्य को नियुक्त किया गया है, जबकि महासचिव पद पर आसिम पटेल, देवेंद्र थिटे और साधना जोशी जैसे सक्रिय चेहरों को जगह मिली है। इसके अतिरिक्त प्रेमांशु जैन को शहर प्रवक्ता और विशाल सोनी को सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम का सफल संचालन महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष हेमलता पालीवाल ने किया और अंत में अकरम जाटू ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# निमाड़ संभाग पंधाना विधायक छाया मोरे के साथ बुरहानपुर विधायक चिटनिस बनी प्रदेश प्रवक्ता

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा निमाड़ संभाग के खंडवा बुरहानपुर जिले से प्रदेश स्तर की दो नियुक्तियां की गई है जिसमें पूर्व मंत्री बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस एवं पंधाना विधायक छाया मोरै को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इन दोनों भाजपा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान उत्साह के साथ चल रहा है। अभ्यास वर्ग के साथ ही प्रदेश संगठन में कई नियुक्तियां कर कार्यकर्ताओं को पार्टी के कार्यों में लगाया जा रहा है। सत्ता और संगठन में



नियुक्तियां की जा रही है। सुनील जैन ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने प्रदेश में 33 प्रदेश प्रवक्ताओं की नियुक्तियां की है जिसमें पूर्व मंत्री एवं बुरहानपुर विधायक अर्चना चीटनीस, पंधाना विधायक छाया मोरै को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है, पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों प्रदेश प्रवक्ताओं को बधाई एवं शुभकामना दी है।

# प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में उपचार के गुर सिखाए

**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा।** नवकार नगर स्थित नक्षत्र गार्डन में अखिल विश्व गायत्री परिवार, लायन्स क्लब और लियो क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय शरीर शुद्धि प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में साधकों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में देव संस्कृति विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ आचार्य सुरेश चौधरी ने पेट संबंधी रोगों के लिए प्राकृतिक उपायों का विशेष प्रशिक्षण दिया।

आचार्य चौधरी ने बताया कि गर्म पानी से पेट की सिकाई और काली मिट्टी का लेपन पाचन तंत्र को सुदृढ़ करने और त्वचा रोगों से मुक्ति दिलाने में अचूक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मिट्टी



चिकित्सा न केवल शरीर को शीतलता प्रदान करती है, बल्कि सूर्य की किरणों के संपर्क में आने पर रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाती है। शिविर में न्यूरोथेरेपी, योग और प्राणायाम के माध्यम से मानसिक तनाव कम करने के तरीके भी सिखाए गए।

कार्यक्रम की शुरुआत वातावरण शुद्धि हेतु अग्निहोत्र से हुई, जिसमें लायन्स व लियो क्लब के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने आहुतियां दीं। शिविर प्रमुख डॉ. अजय लाड़ एवं लोकेश स्वामी ने बताया कि यहाँ वमन चिकित्सा सहित विभिन्न प्राकृतिक विधियों का अभ्यास कराया जा रहा है। समाजसेवी नारायण बाहेती व सुनील जैन के अनुसार, इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को बिना दवाओं के प्राकृतिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करना है।